NSS

District Level Youth Services Programme

This is to you inform that the **NSS department** of **Dasmesh Girls College, Chak Alla Baksh, Mukerian** has organised the **‘ District level Youth Services Programme ‘** on the occasion of **‘ Birth anniversary of Swami Vivekananda ji '** on **7^{th} – 8^{th} February, 2023 .** This program was organised with the collaboration of **' National Youth Services, Hoshiarpur’** in the College campus to celebrate the **District Level Youth Day.** An **Inter College Quiz competition, Poster making, Slogan Writing and Debate competition** was organised amongst students. **Prof. Preet Kohli, Assistant Director of National Youth Services, Hoshiarpur** organised this programme to motivate the youth. The chief guest **S. Karmbir Singh Ghuman, MLA Dasuya** motivate the youth and appreciate them to participate in these cultural developmental programmes. The winners of competition were awarded with trophies.

Press Coverage

रचनात्मक कार्यों से नौजवानों का भविष्य संवारें : घुम्मण

- युवक सेवाएं विभाग की ओर से आयोजित समागम मीठी यादें छोड़ता हुआ समाप्त
- समागम के दूसरे दिन पोस्टर, स्लोगन सहित विभिन्न मुकाबलों का आयोजन

न्यू दशमेश गर्ल्स कालेज मुकेरियां में युवक सेवाएं विभाग पंजाब की ओर से करवाए गए दो दिवसीय समागम के दौरान विद्यार्थियों के साथ विधायक कर्मवीर सिंह घुम्मण व अन्य अधिकारी • सौ. संस्थान

जागरण टीम, होशियारपुर, मुकेरियां : नौजवान पीढ़ी को कलात्मक रुचियों से जोड़ना एक अच्छे कल का संकेत है। यह विचार विधायक दसूहा कर्मवीर सिंह घुम्मण ने न्यू दशमेश गर्ल्स कालेज चक्क अल्ला बख्ख मुकेरियां में युवक सेवाएं विभाग पंजाब की ओर से करवाए गए दो दिवसीय समागम के दूसरे व अंतिम दिन बतौर मुख्य मेहमान शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नौजवान पीढ़ी को रचनात्मक कार्यों में लगाकर उनका भविष्य संवारा जा सकता है।

उन्होंने जिले के अलग-अलग स्कूलों, कालेजों के यूथ क्लबों और कार्यक्रम में शिरकत करने वाले भागीदारों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि युवक सेवाएं विभाग होशियारपुर के सहायक डायरेक्टर प्रीत कोहली के प्रयास से इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन संभव हुआ है। इस दौरान प्रीत कोहली ने बताया कि विभाग की ओर से नौजवानों की बेहतरी के लिए अलग-अलग कार्यक्रम करवाए जाते हैं। विशेष मेहमान जीएस मुल्तानी ने अपने संक्षिप्त भाषण में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दूसरे दिन सर्वहितकारी विद्या मंदिर के डायरेक्टर देस राज शर्मा की ओर से स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर विशेष लेक्चर दिया गया। इसके बाद भागीदारों के पोस्टर मेकिंग मुकाबले, स्लोगन लेख मुकाबले, कोलाज मुकाबले व भाषण मुकाबले करवाए गए। स्लोगन लेखन मुकाबलों में जीटीबी खालसा कालेज दसूहा की छात्राओं ने पहला स्थान, दशमेश गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने दूसरा स्थान व एमआरपीडी गर्वमेंट. कालेज तलवाड़ा की छात्राओं ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मुकाबले में दशमेश गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने पहला, जीजीडीएसडी कालेज हरियाना की छात्राओं ने दूसरा व एसपीएन कालेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस तरह के कोलाज मुकाबले में सरकारी कालेज होशियारपुर ने पहला स्थान, गर्ल्स कालेज ने दूसरा व जीटीबी खालसा कालेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। डेक्लामेशन मुकाबलों में जीटीबी कालेज दसूहा ने पहला स्थान, एमआरपीडी कालेज तलवाड़ा ने दूसरा, दशमेल गर्ल्स कालेज ने तीसरा स्थान व सर्वहितकारी विद्या मंदिर स्कूल ने कंसलेशन पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में दशमेश गर्ल्स कालेज की छात्राओं की ओर से गिद्दे की प्रस्तुती दी गई। इस मौके पर दशमेश गर्ल्स कालेज की प्रिंसिपल डा. करमजीत कौर बराड़ ने आए हुए मेहमानों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में डा. अंजली मोंगा, प्रो. अनु लता, प्रो. रेनू गुप्ता, प्रो. शिखा शर्मा, सतवंत कौर के साथ बलजीत सिंह, नरिंदर कौर, इंदरदीप कौर, प्रो. नरिंदर कौर, रजिंदर सिंह, नीतिका देवी, यशपाल सिंह, प्रो. विजय कुमार, दविंदर सिंह, प्रो. सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

ਡਾਇਰੈਕਟੋਰੇਟ ਆਫ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ, ਪੰਜਾਬ
ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਯੁਵਕ ਦਿਵਸ ਨੂੰ ਸਮਰਪਿਤ
ਦੋ ਦਿਨਾਂ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪੱਧਰੀ ਯੁਵਕ ਸਮਾਗਮ
DEDICATION DUTY DISCIPLINE
(IIC)
OF

GIRLS COLLEGE

ਡਾਇਰੈਕਟੋਰੇਟ ਆਫ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ, ਪੰਜਾਬ
ਦੋ ਦਿਨਾਂ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪੱਧਰੀ ਯੁਵਕ ਸਮਾਗਮ
2023
08/02/2023 10:48

Department of Education

ਡਾਇਰੈਕਟੋਰੇਟ ਆਫ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ, ਪੰਜਾਬ
ਦੋ ਦਿਨਾਂ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪੱਧਰੀ ਯੁਵਕ ਸਮਾਗਮ
ਮਿਤੀ 7-8 ਫਰਵਰੀ 2023
ਦਸਮੇਸ਼ ਗਰਲਜ਼ ਕਾਲਜ
ਵੱਲੋਂ : ਸਹਾਇਕ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ, ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ
INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL
(IIC)
DASMESH GIRLS CO EGE